**Title:** Request the Government to run Mobile Canteen for the Ex-servicemen of the Defence services.

**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खण्डूरी :** अध्यक्ष जी, मैं सेना से संबंधित एक अति महत्व की समस्या आपके माध्यम से रक्षा मंत्रालय के ध्यान में लाना चाहता हूं। सैनिकों के सेना में रहने और सेवा-निवृत होने के बाद उनको कैंटीन की सुविधा प्राप्त होती है। यह सेना के नियमों में है। मेरे संसदीय क्षेत्र में सेना में सेवारत और सेना से सेवा-निवृत दोनों तरह के लोग भारी संख्या में रहते हैं। हर घर में एक या दो जवान तो हैं ही। कहीं-कहीं पर तो पूरा गांव का गांव ही सेना में है। लेकिन दुर्भाग्य से यह सुविधा उन लोगों को उपलब्ध नहीं हो रही है। उनको अपने गांव से काफी दूर इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए जाना पड़ता है, जिससे पैसा और समय दोनों ही बर्बाद होते हैं। पूरे जिले में यह सुविधा एक या दो जगह है। मैं बार-बार यह आग्रह करता आया हूं कि यह सुविधा बढ़ायी जानी चाहिए। अगर वहां पर स्थाई कैंटीन नहीं खुल सकती है तो मोबाइल कैंटीन खोलने की कृपा करें। मेरा निवेदन है कि मेरे क्षेत्र के सैनिकों को जो मौलिक सुविधा है उसको पूरा करने के लिए अधिक से अधिक मोबाइल कैंटीन खोलने की व्यवस्था करायें।